## एक नजर

### लायंस क्लब ने वात्सल्यधाम में वृद्धजनों के पेयजल सुविधा के लिए आरओ वाटर प्यूरीफायर प्रदान किया



**मन्दसौर।** सोमवार को लायंस क्लब मंदसौर के तत्वावधान में समाजसेवी मधु बोहरा तथा नरेंद्र मारू–शशि मारू के सौजन्य से वात्सल्यधाम में निवासरत वृद्धजनों के लिए पेयजल सुविधा के रूप में एक आरओ वाटर प्यूरीफायर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर रौनक दुबे उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की सामाजिक पहल हमारे समाज के वृद्ध एवं जरूरतमंदों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस आरओ की स्थापना से वात्सल्यधाम में निवासरत वृद्धजनों को प्रतिदिन स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी मिलने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने करते हुए कहा कि वृद्धजनों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना क्लब की प्राथमिकता में है। क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने दान देने वाले मधु बोहरा एवं नरेंद्र–शशि मारू का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सेवा प्रकल्पों की प्रशंसा की। इस अवसर पर क्लब के लायन विकास भंडारी, जयंत चौधरी, हस्तीमल जैन, राहुल नाहटा, अशोक मारू, चंदा मारू, अजीत मारू, जमना बाफना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्लब के पूर्व अध्यक्ष सीए विकास भण्डारी ने किया।

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया वंदे मातरम गान



**सीतामऊ/नाहरगढ।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा वंदे मातरम गान का आयोजन शासकीय सरसकुंवर विद्यालय सीतामऊ में किया गया । मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने बताया कि वंदे मातरम गान के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सभी विभागों एवं विद्यालय में वंदे मातरम गान का आयोजन किया जा रहा है। श्री निनामा ने कहा की विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं अनुशासन की भावना का संचार किया। उन्होंने कहा कि समाज के बीच रहकर किए गए व्यवहारिक कार्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों के प्रति गहन समझ को विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को ग्राम स्तर पर सर्वेक्षण, जनजागरूकता गतिविधियाँ, संगठन निर्माण, समुदाय सहभागिता बढ़ाने तथा सामाजिक क्षेत्र में प्रभावी नेतृत्व स्थापित करने संबंधी दिशा–निर्देश प्रदान किए। वंदे मातरम गाने परामर्शदाता हरिओम गंधर्व, हेमंत गोड, चरणसिंह चौहान, मंगला बैरागी एवं बीएसडब्ल्यु, एमएसडब्ल्यू के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### नागर ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट पर्व संपन्न



**मन्दसौर।** नागर ब्राह्मण समाज का मंदसौर नीमच एवं प्रतापगढ़ जिलों में निवासरत सामाजिक बन्धुओं का सपरिवार दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव हाटकेश्वर मंदिर मंदसौर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेशचन्द्र नागर एवं वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश नागर पूर्व स्टेनो कलेक्टर मंदसौर की गरिमामयी उपस्थिति में आचार्य सूर्यप्रकाश शर्मा एवं पुजारी मुकेश नागर द्वारा भगवान हाटकेश्वर का पुष्पों से भव्य श्रृंगार कर महाआरती के बाद भगवान हाटकेश्वर को महाप्रसादी का भोग लगाकर सम्पन्न हुआ है। इस अवसर पर मंदसौर नगर के साथ ही आसपास अंचलों से पधारे परिवारजनों का स्वागत तिलककर हाटकेश्वर भगवान का दुपट्टा समाज के अध्यक्ष बाबूलाल नागर, धीरेन्द्र नागर, ओमप्रकाश नागर खड़ावदा, महिला शाखा अध्यक्ष भगवतीदेवी नागर, प्रतिभा नागर, श्रीमती मधु मेहता, अलका नागर, श्रीमती दीपिका मेहता, श्आशा नागर, श्रीमती कीर्ति नागर, युवा शाखा के अध्यक्ष संजय नागर एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर भगवान शिव स्तुति श्रीमती अर्चना दवे द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में नीमच से प्रो. डॉ. विवेक नागर, सतीश नागर, दड़ोली से शरद नागर, रतलाम जिले से पं. वागेश नागर, पिपलोदी खेरोट से अनन्त नागर, शामगढ़ से इकाई अध्यक्ष सुरेश नागर, खड़ावदा से ओमप्रकाश नागर के साथ ही नैनोरा, उदपुरा, पाडल्यामारू, दलोदा, पाडल्या, अरनिया जटिया, शक्करखेड़ी, नाटाराम, पिपलियामंडी, बालागुढ़ा, चपलाना, पटैला, सनावदा, वणी आदि आसपास अंचल एवं मंदसौर नगर के सपरिवार सदस्यगणों के द्वारा एक दूसरे को दीपावली पर्व की बधाई देकर भगवान हाटकेश्वर से सभी को स्वस्थ रखने एवं देश प्रदेश एवं क्षेत्र में समृद्धि की प्रार्थना की गई।

### सांसद और विधायक ने बाबा खाटू श्याम से लिया आर्शीर्वाद

**नीमच।** देश भर में लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई। सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर देश भर में जगह जगह 'रन फॉर यूनिटी– कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएम मोदी ने भी देशवासियों से रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेने की अपील की थी। चौकन्ना बालाजी महंत योगीराज रंजन स्वामी ने बताया कि इसी श्रृंखला में नीमच में भी सासंद सुधीर गुप्ता एवं जावद के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक ओमप्रकाश सकलेचा ने धनेरिया कला से पैदल यात्रा करते हुए नीमच क्षेत्र में प्रवेश करते हुए किया जहां वे श्री पंचमुखी सिद्ध गणेश मंदिर पायलेट बाबा आश्रम, चौकन्ना बालाजी परिसर में स्थित खाटु श्याम मंदिर में उनका आगमन हुआ जहां सांसद सुधीर गुप्ता और विधायक ओमप्रकाश सकलेचा ने पूजा अर्चना की। और देश में सुख समृद्धि एवं नीमच को विकास के क्षेत्र में और आगे ले जाने की बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, आमजन एवं मंदिर समिति के लोग उपस्थित थे।

### नीमच जिला चिकित्सालय के हालात बद से बदतर

**नीमच।** जिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का आलम लगातार बढ़ता जा रहा है। पुरानी सराय मशीन कक्षा के सामने एक्स–रे करवाने पहुंचे मरीजों की हालत दयनीय बनी हुई है। हड्डी टूटे गंभीर मरीज भी जमीन पर बैठकर या लेटकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि एक्स–रे विभाग में कार्य की गति बेहद धीमी है, जिसके कारण मरीजों को सुबह से शाम तक लंबी लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। कई लोग घंटों इंतजार के बाद भीएक्स–रे नहीं करवा पा रहे हैं। कड़ाके की ठंड के बावजूद मरीज जमीन पर लेटकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

## मंदसौर पुलिस ने आक्या लूट का किया पर्दाफाश , 3 गिरफ्तार

▶ रतलाम–नीमच–मंदसौर सहित कई जिलों में वारदातों को दे चुके थे अंजाम, लाखों का माल बरामद



**मंदसौर।** पुलिस ने ग्राम आक्या में हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय लूट व चोरी गैंग के तीन सदस्यों (जिनमें दो मुख्य आरोपी और एक विधि विवादित बालक शामिल) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से स्वर्ण आभूषण, 38 हजार रुपए नकद और दो चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल और एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना दलौदा प्रभारी मनोज गर्ग, चौकी प्रभारी पूर्णिमा सिंह एवं टीम ने यह कार्रवाई की।

घटना 27 सितंबर को आक्या निवासी प्रकाश माली के घर पर हुई थी, जब बदमाशों ने रात में दरवाजे तोड़कर परिवार को चाकू की नोक पर धमकाया और जेवर व नकदी लूट ली थी। सैकड़ों ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने नीमच जिले के हाड़ी पिपल्या निवासी आर्यन पिता सुरेश मालवीय और जोनी पिता रवि बाछड़ा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने नीमच, मंदसौर, रतलाम सहित अन्य जिलों में लूट, चोरी और डकैती की आधा दर्जन से अधिक वारदातें स्वीकार कीं।

गैंग के अन्य सदस्य अंशुल, निलेश, पिंकेश, मोहित, प्रवेश, अभिषेक, अनीता व अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश और राजस्थान में लूट, चोरी, डकैती के 20 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं।

इस सफलता में थाना दलौदा, चौकी कचनारा, सायबर टीम, और रतलाम–नीमच की विशेष टीम की भूमिका सराहनीय रही।



### धम्म चेतना बुद्ध विहार समिति का गठन, बैठक संपन्न

**मन्दसौर।** मंदसौर जिले का प्रथम धम्म चेतना बुद्ध विहार में समिति का गठन किया गया एवं मीटिंग में उपस्थित सदस्यों द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया। सर्वसहमति से अध्यक्ष पद हेतु एडवोकेट गणपत तेनीवार, उपाध्यक्ष किशोर चौहान एवं जीवन मालवीय, सचिव राकेश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष भगवान लाल बौद्ध, सह –सचिव महेश राठौर एवं ईश्वर लाल चौहान व मीडिया प्रभारी मंगलेश बौद्ध व संगठन मंत्री लखन सूर्यवंशी, प्रचार मंत्री रवि राणा व बुद्ध विहार का सेवक गणेशराम सूर्यवंशी अधिकृत किया गया व सदस्य नितेश एवं भेरूलाल राणा आदि बुद्ध अनुयायी बुद्ध विहार मे मीटिंग उपस्थित रहे। मीटिंग मे आभार सचिव राकेश सूर्यवंशी द्वारा माना गया और उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मंगलेश बौद्ध द्वारा दी गई।



## धुँधलेश्वर महादेव परिक्षेत्र में 27 दिसम्बर से होगी विराट श्रीरामकथा

▶ आचार्य श्री रामानुजजी करेंगे कथा वाचन, तैयारियों को लेकर 51 गांवों की बैठक संपन्न

**मंदसौर।** नगर से 11 किलोमीटर दूर स्थित प्राचीन धुँधलेश्वर महादेव मंदिर परिक्षेत्र में मानवता मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में 27 दिसम्बर से 4 जनवरी तक विराट श्रीरामकथा का आयोजन होगा। कथा वाचन प्रसिद्ध संत आचार्य रामानुजजी करेंगे।

आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में 51 गांवों के प्रतिनिधियों की बृहद बैठक हुई, जिसमें कथा की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु गांव–गांव से आवागमन के लिए वाहन व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आचार्य रामानुजजी का आगमन क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि कथा के उद्घाटन हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रित किया जाएगा ताकि धुँधलेश्वर क्षेत्र को धुँधलेश्वर लोक के रूप में विकसित किया जा सके।

बैठक में शंभूसिंह कुशवाह, नरेंद्र अग्रवाल, कृष्णपाल सिंह राठौड़, अशोक झलोया, ब्रजेश जोशी, शिवराजसिंह राणा, गौरव अग्रवाल, डॉ. भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, तेजपाल सिंह धाकड़ी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। संचालन रघुनन्दन कुमावत ने किया एवं आभार पीयूष उपाध्याय ने व्यक्त किया।

## गुडभेली गांव में चोरी का प्रयास, ग्रामीणों की सूझबूझ से बची बाइक

▶ ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गांव के आसपास इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की



**पिपलियामण्डी।** गुडभेली बडी गांव में रविवार रात करीब 9.30 बजे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी का प्रयास किया गया। गांव के हरीश प्रजापत के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को चोरों ने निशाना बनाया और चोरी कर ले गए। चोर बाइक लेकर गांव से बाहर निकल ही रहे थे कि गुडभेली मोड़ पर बाइक फिसल गई और मुख्य चोर गिर पड़ा। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जब उन्होंने बाइक सवार को उठाने का प्रयास किया, तो युवक अचानक बाइक छोड़कर पास के खेतों की ओर भाग गया। ग्रामीणों को उसके व्यवहार पर शंका हुई। जब उन्होंने जांच की तो पता चला कि बाइक गांव के हरीश प्रजापत की है, जिसे चोर चोरी कर ले जा रहे थे। गांव के लोगों ने तुरंत अन्य ग्रामीणों को सूचना दी और आरोपी की तलाश शुरू की। इसी दौरान पता चला कि मुख्य बाइक चोर के साथ दो और साथी पैदल चल रहे थे, जो अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने काफी देर तक आसपास के खेतों और रास्तों पर खोजबीन की, लेकिन तीनों चोरों का कोई पता नहीं चल सका। सूचना पर पुलिस भी मौके पहुँची। घटना की सूचना तत्काल पिपलिया स्टेशन पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और बाइक को जब्त कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में संदिग्ध लोगों की आवाजाही देखी जा रही थी, जिसके चलते ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गांव और आसपास के इलाकों में रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

## श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर श्री सांवरिया सेठ की तर्ज पर आधुनिक स्वरूप में बनेगा

▶ शिखर एवं स्वर्ण कलश उत्सर्ग का विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया



**मंदसौर ।** स्थानीय जनकुपुरा गणपति चौक स्थित अति प्राचीन श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर के नवनिर्माण कार्य आरंभ होने से पूर्व शिखर एवं स्वर्ण कलश का उत्सर्ग विधि विधान के साथ विद्वान आचार्य पंडित डॉ देवेंद्र शास्त्री के सानिध्य में मंदिर के पुजारी पंडित सत्यनारायण जोशी एवं पण्डित विशाल जोशी की उपस्थिति में पूजन पाठ करके करवाया। शिखर एवं स्वर्ण कलश उत्सर्ग की पूजा अर्चना मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल एवं ट्रस्टी डॉक्टर कुशल शर्मा ने की।

पंडित देवेंद्र शास्त्री ने कहा कि किसी भी मंदिर का शिखर एवं स्वर्ण कलश मंदिर का मूल आधार होता है। यदि व्यक्ति भगवान के दर्शन नहीं कर पाता है और वह शिखर के दर्शन भी कर लेता है तो उसके सारे मनोरथ पूरे हो जाते हैं इसलिए मंदिर निर्माण में शिखर का महत्वपूर्ण स्थान होता है और किसी भी मंदिर का आधार भगवान के साथ–साथ शिखर होता है। श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर की प्रसिद्धि जग जाहिर है। विश्व में ऐसी अलौकिक दिव्य प्रतिमा अन्य कहीं नहीं है। इस दुर्लभ प्रतिमा के दर्शन मात्र से व्यक्ति का जीवन का उद्धार हो जाता है। मंदिर समिति ने मंदिर के नवनिर्माण का जो बीड़ा उठाया है भगवान गणेश जी के आशीर्वाद से शीघ्र ही नव श्रृंगारित मंदिर बनकर तैयार होगा। नए रूप में मंदिर बनने के बाद यहां भक्तों की आवाजाही ओर बढ़ जाएगी और इस क्षेत्र का विकास भी होगा।

मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित दिलीप शर्मा ने कहा भगवान गणेश जी का अद्भुत एवं चमत्कारिक मंदिर का नवनिर्माण लगभग 35 वर्षों बाद पुन: नए ओर आधुनिक स्वरूप में भक्तों के सहयोग से होने जा रहा है। मन्दिर परिसर अभी छोटा है नए स्वरूप में बड़ा हो जाएगा, जिससे भक्तों को दर्शन और पूजा अर्चना करने में सुविधा मिलेगी।

शिखर एवं स्वर्ण कलश उत्सर्ग के पुनीत अवसर पर मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, ट्रस्टिगण सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।



## जागरूकता शिविर का आयोजन उड़ान संस्था ने किया

**बडवन/नाहरगढ।** उड़ान संस्था ने दिनांक 10/11/2025 को टीम द्वारा श्री साईं कॉन्वेंट हाई स्कूल बडवन फंटा में जागरूकता शिविर कैंप का आयोजन किया। जिसमें निम्न मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया गया है। हिंसा की रोकथाम हिंसा किसे कहते है हिंसा से बचने के उपाय के बारे में बताया गया। साइबर क्राइम के बारे में बताया गया साइबर क्राइम से कैसे बचा जा सकता है हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया गया, बाल अधिकारों के बारे में बताया गया बच्चों के चार अधिकार होते हैं जीवन जीने का अधिकार विकास का अधिकार सुरक्षा का अधिकार सहभागिता का अधिकारके बारे में बताया गया बच्चों के हित में किस प्रकार कार्य करती है। इसके बाद बच्चों से प्रश्न मंच किया गया, उन बच्चों को चॉकलेट (ट्रॉफी) देकर सम्मानित किया गया, जिसमें मंदसौर महिला थाना से कमलेश शर्मा, ह्यद्ब संतोष जोशी हेड कास्टेबल, उड़ान संस्था से संगीता कुंभकार डायरेक्टर, कंचन कॉर्डिनेटर, राहुल चौहान, अजय धनगर, वंदना दाहिमा की उपस्थिति थे। अंत मे संगीता कुम्भकार ने स्कूल प्रिंसिपल व स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

**एक नजर** ▶ शेख सैय्यद पठान जिला कमेटी की बैठक संपन्न

## समाज ने सदर सलीम खान पर भरोसा जताया,,कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया

**नीमच। शैख़ सैय्यद पठान जिला कमेटी रजिस्टर्ड क्रं-07/34/01/18682/24 की एक अहम बैठक अध्यक्ष चुनाव को लेकर बघाना दारूल उलूम मैं हाजी इदरीस पठान व हाजी नसरुल्ला पठान की सरपरस्ती मैं मीटिंग आयोजित की गई। नवनिर्वाचित सदर सलीम खान ने अपने उदबोधन में कहा की समाज ने भरोसा कर तीसरी बार मुझ जैसे छोटे से इन्सान को शैख़ सैय्यद पठान जिला कमेटी के सदर, अध्यक्ष पद के लिए चुना।**

मैं आत्मविभोर हूँ, मेरे पास शब्द ही नहीं है। कहने के लिए बस इतना कहना चाहता हूँ कि जो भरोसा आपने किया है।उसे मैं बनाये रखुगा।यदि मैं आपकी अपेक्षा पर खरा नहीं उतरा तो आपको अधिकार हैं की आप अविश्वास प्रस्ताव ले आये।बाहर से हुवे कई वक्ताओं ने भी अपनी बात रखी। मीडिया प्रभारी आरिफ शैख़ ने जानकारी देते हुए बताया की चुनाव अधिकारी जी.आर पठान को वर्तमान सदर सलीम खान ने अपना इस्तीफा दिया।वही जिला खजांची जाहिद कादरी ने सम्मेलन का हिसाब–किताब पेश किया।चुनाव अधिकारी पठान सा. के समक्ष के.जी एन ट्रेवल्स के संचालक हयात खान, हाजी बाबु भाई, अलीमुद्दीन बाबर, मो.यूनुस भाई उर्फ मुन्ना, डॉ. वसीम खान, कयामुद्दीन शैख़ सहित 5 उम्मीदवार ने अपनी दावेदारी पेश की।पाँचों ने कमेटी के साथ अपना समर्थन सलीम खान को दे दिया। चुनाव अधिकारी श्री पठान ने सलीम खान को सदर घोषित कर उनका कार्यकाल 1 साल के लिए बढ़ाया। निर्वाचित सदर के साथ चुनाव अधिकारी जी.आर पठान, जावद ब्लॉक कमेटी के सदर बशीर पहलवान, डीकेन ब्लॉक कमेटी के सदर आज़ाद पठान, सेकेट्री जाहिद पठान मनासा, अय्युब पठान आदि अतिथियों का साफा बांधकर, फूलमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। चुनाव की प्रक्रिया में मुस्लिम इन्तेंजमियां कमेटी के इलियास कुरेशी, याकूब पठान, अनवर भाई, छोटे भाई कुरैशी, जावेद दुर्रानी का भी सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर लतीफ पठान, ज़ाकिर पठान, शौकत उस्ताद, सैय्यद हसन अली, सलीम गुडलक, जफर हुसैन, अल्ताफ खान, मो. इकबाल, मोहसिन खान, बाबु भाई, अकील खान, जुल्फिकार अली, साहिल खान, इखलाक पठान, इशहाक पठान, मजहर अली, अमानुल्लाह खान, जावेद खान, आमीर पठान आदि समाजजनो ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर मुबारक बाद दी। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन साबिर पेन्टर ने किया।अंत में सभी का आभार बाबु भाई ठेकेदार ने माना।

